लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1670
08 दिसंबर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना

1670. श्रीमती पूनम महाजन:
सुश्री देबाश्री चौधरी:
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी की गई पूंजी निवेश राजसहायता की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) इसी अवधि के दौरान राज्य-वार कितनी ऊर्जा बचत मशीनों हेतु प्रोत्साहन राशि दी गई;

(ग) उक्त अवधि के दौरान खरीदी गई राजसहायता योग्य मशीनों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों में बुनाई में उत्पादन वृद्धि का अध्ययन किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): पिछले 3 वर्षों के दौरान संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत 2388 मामलों में 615.65 करोड़ रुपए की कुल पूंजी निवेश सब्सिडी जारी की गई। इसके अलावा, पिछले 3 वर्षों के दौरान एटीयूएफएस के तहत कुल 1496.20 करोड़ रुपए जारी करके टीयूएफएस के पिछले संस्करण की प्रतिबद्ध देयताओं के तहत ब्याज प्रतिपूर्ति/मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में कुल 880.55 करोड़ रुपए वितरित किए गए।

(ख): एटीयूएफएस के तहत पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रोत्साहन स्वरूप 403 ऊर्जा बचत मशीनें दी गई हैं। ऊर्जा बचत मशीनों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग): एटीयूएफएस के तहत इकाईयों द्वारा किए गए सब्सिडी के दावों की तुलना में सत्यापन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोध के अनुसार, पिछले 3 वर्षों के दौरान कुल 3,21,085 मशीनें खरीदी गई हैं।

(घ) और (ङ): नीति आयोग द्वारा जनवरी 2021 में टीयूएफएस/एटीयूएफएस के प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, उत्पादन में वृद्धि करने और उत्पादकता में सुधार करने के संबंध में इस योजना का काफी प्रभाव पड़ा था। उन्नत प्रौद्योगिकी में निवेश किए जाने के कारण उत्पादकता में सुधार, अवशिष्ट में कमी, लागत बचत, संसाधन क्षमता आदि के संबंध में लाभार्थियों को काफी लाभ हुआ है। 85% से अधिक लाभार्थियों ने उत्पादन की मात्रा में वृद्धि दर्ज की है। **वीविंग क्षेत्र** में, 75% से अधिक लाभार्थियों ने उत्पादन की मात्रा में 5% से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।

अनुबंध

पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रोत्साहन स्वरूप वितरित की गई ऊर्जा बचत मशीनों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

राज्य	2018-19	2019-20	2020-21
दादरा और नगर		75	
गुजरात		28	72
हरियाणा		1	
हिमाचल प्रदेश			1
कर्नाटक			1
मध्य प्रदेश			104
महाराष्ट्र	4		47
पंजाब		15	6
राजस्थान			4
तमिलनाडु	1	21	18
उत्तर प्रदेश			3
पश्चिम बंगाल			2
कुल	**5**	**140**	**258**

***